हादसा | तेतरहट थाना क्षेत्र के लखीसराय-जमुई पथ में नोनगढ़ पुल के निकट हुई घटना

# चालक को आई झपकी, पिकअप गड्ढे में पलटी सब्जी व्यवसायी की मौत, चालक सहित 3 घायल

## दुर्घटना की सूचना पर मृतक के बड़हिया स्थित घर पर मचा कोहराम, परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा, पिकअप से सब्जी बेचने देवघर जा रहा था व्यवसायी

भास्कर न्यूज़ | लखीसराय

तेतरहट थाना क्षेत्र के लखीसराय-जमुई पथ में नोनगढ़ पुल के निकट गुरूवार की सुबह अहले सुबह चालक को झपकी आ जाने से पिकअप वाहन संख्या बीआर53जी - 0561 सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी। घटना में पिकअप पर सवार बड़हिया के वार्ड संख्या 13 निवासी सब्जी व्यवसायी किशोर कुमार (40) की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं पिकअप चालक बड़हिया गढ़ टोला निवासी रोहित कुमार एवं उस पर सवार बड़हिया निवासी नरेश महतो के पुत्र पवन कुमार एवं सुनील महतो के पुत्र सचिन कुमार जख्मी हो गए। चालक रोहित कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

जिसे सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर तेतरहट पुलिस मौके पर पहुंच कर सभी मृतक सब्जी व्यवसायी के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि सब्जी व्यवसायी किशोर कुमार बड़हिया से कद्दू लेकर पिकअप से बिक्री करने देवघर जा रहा था।

करीब चार सुबह नोनगढ़ पुल के पहले चालक रोहित कुमार को झपकी लग गई। जिससे अनियंत्रित हो पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी। तेतरहट थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।


सड़क दुर्घटना मे सब्जी व्यवसायी की मौत के बाद रोते विलखते परिजन व बच्चों को ढाढस बंधाती स्थानीय महिलाएं।

### एक मात्र कमाऊ था परिवार का

सड़क दुर्घटना में सब्जी व्यवसायी की मौत की सूचना परिवार वालों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। किशोर घर को कमाऊ पुत्र था। सूचना ही मिलते ही पत्नी रानी देवी का बुरा हाल हो गया। किशोर को पांच बच्चा है। उसके मौत के बाद परिवार पर गंभीर संकट छा गई है। किशोर स्थानीय किसानों से सब्जी लेकर लखीसराय या दूसरे बाजार में जाकर उसकी बिक्री करता था। सब्जी के कारोबार से परिवार का पालन पोषण करता था।

### ईओ ने पारिवारिक लाभ योजना से दी सहायता

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने पारिवारिक लाभ योजना से बीस हजार रुपये की मदद दी। परिजनों को ईओ ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## हादसे में कार क्षतिग्रस्त, दो जख्मी

**लखीसराय** | विद्यापीठ चौक के समीप एनएच 80 पर बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक मारूति जेन कार संख्या बीआर12-2811बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार पर सवार चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बड़हिया के गोपाल महतो एवं रोहित कुमार शामिल है। दोनों को रात में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। बताया जाता है कि कार अनियंत्रित हो पलटी खा गया। लखीसराय थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हुई है। लेकिन मामला दर्ज करने के संबंध में किसी प्रकार का आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।


सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

### बिजली का पोल उखाड़ने के विवाद को लेकर हुई मारपीट, एक गंभीर

**रामगढ़ चौक** | रामगढ़ चौक थाना अंतर्गत महादलित टोला चंपानगर निवासी स्वर्गीय प्यारे पासवान के 50 वर्षीय पुत्र उपेंद्र पासवान को बिजली का पोल उखाड़े जाने के विवाद में उनके सिर पर डंडा से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ चौक में करवाया गया। महादलित टोला चंपानगर में बिजली का पोल की सुरक्षा हेतु दिए गए स्टेट को चंपानगर निवासी लक्ष्मी रजक के पुत्र रवि कुमार एवं श्रवण कुमार के द्वारा उखाड़ा जा रहा था। पोल की सुरक्षा को देखते हुए उपेंद्र पासवान के मना करने पर तीन लोगों ने मिलकर इसकी जमकर पिटाई कर दी। चंपानगर निवासी नीरज कुमार, चंदन पासवान, नंदन पासवान, पिंकी देवी, सुशीला देवी, बबीता देवी आदि लोगों ने भी बताया कि इसके साथ बेवजह मारपीट किया गया है जिसकी लिखित शिकायत रामगढ़ चौक थाना को दिया गया उक्त घटना की जानकारी थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने दी।

## दो घरों में चोरी कर चोरों ने नगद सहित हजारों की संपत्ति उड़ाई

### चानन थाना क्षेत्र के मननपुर बाजार की घटना

भास्कर न्यूज़ | चानन

मननपुर बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा दो घरों में चोरी कर हजारों की समाप्ति लेकर चम्पत हो गया। जानकारी के अनुसार रंजीत भुइयां किराये पर जानकीडीह निवासी सदानंद मोदी के घर में रहता है। परिवार के सदस्य जब सुबह 3 बजे उठा तो देखा कि लैपटॉप, दो मोबाइल सहित अन्य कागजात नही है। वहीं घर के बगल में मुकेश पासवान बसुआचक गांव से कुछ दिन पहले ही मननपुर बाजार में शिफ्ट हुए थे उनके घर से भी बारह सौ रूपये नकदी तथा अन्य कागजात चोरी कर ली गयी। इन दोनों घरों का बनावट इस प्रकार है कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है तथा दोनों ने थाने में आवेदन दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## पटना रैली की तैयारी को हुई बैठक

भास्कर न्यूज़ | मेदनीचौकी

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंशीपुर चांय टोला में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की आम बैठक राम सुरत की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। पटना रैली की तैयारी के संदर्भ में आम लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता पार्टी के जिला सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि देश की एक भी समस्याओं का हल मोदी नेतृत्व की सरकार ने नहीं की। झूठे नारे और झूठे वायदे कर जनता को ठगने वाली सरकार बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। चाहे किसान हो, श्रमिक हो, व्यापारी हो या की महिलाओं के सम्मान और इज्जत, धार्मिक - जातीय सद्भाव का सवाल हो।

## राधे-कृष्ण के झूले को एसपी ने झुलाया, बोले- श्रीमद्भागवत कथा से हमें मिलता है आत्मबल

भास्कर न्यूज़ | कजरा

नरोत्तमपुर गांव स्थित श्रीरामजानकी ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में झुलनोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने मंदिर में राधे-कृष्ण का झूला झूलाकर किया। संचालन युवा समाजसेवी अनमोल कुमार सिंह ने किया। भगवान को झूला झूलाकर एसपी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे आयोजन से हमारे भीतर की विचार धारा को आत्मबल और प्रेरणा मिलती है। इससे बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। एसपी कुछ देर भक्तिरस में डूबे और मंदिर में माथा टेका और मंदिर परिसर को भी देखा। इस कार्यक्रम में कजरा थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, अध्यक्ष कौशल किशोर सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, बंटी कुमार, गुड्डू सिंह सहित कई और ग्रामीण शामिल थे।.


भगवान को झूला झूलाते एसपी कार्तिकेय के शर्मा।

## सदर अस्पताल में दो डायरिया पीड़ित भर्ती, एक की स्थिति गंभीर

### बढ़ने लगा है जिले भर में डायरिया का प्रकोप

भास्कर न्यूज़ | लखीसराय

डायरिया का प्रकोप जिले में बढ़ने लगा है। जिले के कई प्रखंडों से डायरिया से पीड़ित लोगों की शिकायतें मिलने लगी हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग लापरवाह बना हुआ है। गुरूवार को सदर अस्पताल में डायरिया से गंभीर रूप से बीमार दो मरीज को भर्ती गया। जिसमें एक की हालत गंभीर थी। डायरिया पीड़ितों में खैरी गांव के प्रभु यादव की पुत्री राधा देवी एवं शहर के अमरेश कुमार के पुत्र आदर्श कुमार शामिल है। दोनों मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। हालांकि मरीजों के साथ आए लोगों ने बताया कि अस्पताल में दवाओं की कोई व्यवस्था भी नहीं है। बता दें कि सदर अस्पताल में निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने भी अनियमितताओं पर जमकर खरीखोटी सुनाई थी बावजूद इसके कोई सुधार नहीं आया है। कई मरीजों ने भी बताया कि डॉक्टर भी समय पर इलाज करने नहीं आते हैं।

### जीवन कौशल विकास पर स्कूलों में रोल प्ले प्रतियोगिता

**लखीसराय** | माध्यमिक स्कूलों में किशोरावस्था में जीवन कौशल विकास पर रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता होगी। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने डीइओ को पत्र भेजा है। किशोरावस्था में स्वस्थ संबंध, आकर्षण-चुनौतियां, एचआईवी, एड्स जागरूकता एवं जोखिम एवं नशाखोरी के कारण एवं दुष्प्रभाव पर प्रतियोगिताएं होंगी। प्रत्येक समूह को रोल प्ले के लिए छह से आठ मिनट का समय है। लोक नृत्य में बालक-बालिकाओं को समान अवसर, कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करना, बड़ों का आदर,उनका ख्याल, पर्यावरण रक्षा, नशाखुरानी एवं किशोरावस्था के कौतुहलपन एवं चुनौतियां विषयों पर लोक नृत्य प्रदर्शित की जाएगी।

विद्यार्थियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जाना भौतिकी विज्ञान का गूढ़, दिए सवालों के जबाव

## भौतिकी विज्ञान के सामान्य प्रयोग को घर में उपलब्ध सामानों से भी किया जा सकता है : प्रो. केएन राय

भास्कर न्यूज़ | लखीसराय

भौतिकी विज्ञान के गूढ़ रहस्य को आसानी से समझने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषिका प्रायोगिक स्किल विषय पर कार्यशाला सह परीक्षा हुई। केआरके हाई स्कूल सभागार में आयोजित कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से भौतिकी विज्ञान से संबंधित प्रयोग स्क्रीन पर प्रदर्शित कर प्रश्नों के उत्तर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराए गए थे। प्रश्नों के जबाव के लिए दो मिनट का समय दिया गया था। परीक्षा में विज्ञान में रूचि रखने वाले विभिन्न स्कूलों के नौवीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत 70 विद्यार्थी शामिल हुए। इससे पहले डीईओ सुनयना कुमारी, डीपीओ आरएमएसए रमेश पासवान एवं राष्ट्रीय अन्वेषिका स्किल टेस्ट के संयोजक के प्रो.केएन राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रो. केएन राय ने कहा कि बच्चे विज्ञान से संबंधित प्रयोग प्रयोगशाला में जाकर अवश्य करें। इससे उनकी प्रायोगिक कुशलता में वृद्धि होगी।

### बच्चों को प्रयोगशाला में अवश्य प्रयोग कराएं शिक्षक


केआरके स्कूल में विज्ञान स्किल टेस्ट परीक्षा देते छात्र।

### योजनाओं से किसानों को कराया जाएगा अवगत

**हलसी** | गुरुवार हलसी बाजार स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का एक बैठक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसान मोर्चा के जिला प्रभारी विनोद कुमार मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि किसानों के हित में सरकार कई सारी योजनाएं चला रही है। मोर्चा के द्वारा इस संबंध में किसानों को जानकारी दी गई है। सरकारी की योजनाओं का लाभ सभी किसानों को मिले इसके लिए किसानों के बीच जाकर इसकी जानकारी दी जाएगी। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर उनके चित्र पर किसान मोर्चा के नेताओं ने फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## एनएच 80 से किरणपुर को जोड़नेवाली सड़क के बीच गड़ा है बिजली का पोल

### सड़क मरम्मत में हो रही परेशानी, पोल हटाने के लिए विभाग को आवेदन

भास्कर न्यूज़ | मेदनीचौकी

किरणपुर संपर्क पथ जो एनएच 80 सड़क से किरणपुर को जोड़ती है। 1.4 किलोमीटर लंबी सड़क के बीच में एक ट्रांसफॉर्मर गड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि उक्त संपर्क सड़क की मरम्मती कर ढलाई की जा रही है। सड़क के बीच में बिजली का पोल रहने से कार्य करने में परेशानी के साथ उक्त स्थल पर सड़क की चौड़ाई भी कम हो रही है। सरपंच पुनम देवी, ग्रामीण कुशेश्वर महतो, उदय साव,आशुतोष मंडल, जेपी उर्फ जयप्रकाश, नरेश मंडल, रामानंद यादव, अभय कुमार, विभाष्कर कुमार इत्यादि कई लोगों ने सड़क के बीच से ट्रांसफॉर्मर हटाने की मांग की।

### जेई ने दिया ट्रांसफॉर्मर हटाने का आश्वासन


सड़क पर गाड़ा हुआ ट्रांसफॉर्मर का पोल।

### सहायक अभियंता व जेई ने किया स्थल निरीक्षण

ग्रामीण कुसेश्वर महतो ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर हटाने के लिए बिजली विभाग को प्रतिनिधियों व लगभग 60 ग्रामीणों द्वारा अनुशंसित आवेदन पंद्रह दिन पूर्व दिया गया था। उसके बाद बिजली विभाग के सहायक अभियंता ब्रजेश कुमार व जेई अरविंद कुमार ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ट्रांसफॉर्मर हटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक ट्रांसफॉर्मर नहीं हटा है। ऐसे ही बहानेबाजी करके विभागीय पदाधिकारी पल्ला झाड़ लिया है।

## बड़हिया में वाजपेयी के अस्थि कलश का किया गया स्वागत

भास्कर न्यूज़ | बड़हिया

गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का अस्थि कलश यात्रा बड़हिया पहुंचा। अस्थि कलश यात्रा बड़हिया लोहिया चौक के पास पहुंचते ही लोगों ने जोरदार स्वागत किया और भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने वाजपेयी अमर रहे का नारे लगाने लगे और सभी ने गाड़ी पर रखे अस्थि कलश को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया कुमार, नगर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल कुमार, नरोत्तम कुमार, वार्ड पार्षद अमित कुमार, रामणिकांत ठाकुर, महेश कुमार सिप्पी, गणेश प्रसाद सिंह, रामशोभा सिंह, प्रवीण कुमार झुन्नू, संजीव कुमार जप्पू, कमलकिशोर कुमार सिंह,दिवाकर कुमार सिंह,विजय राम, दिनेश प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, राजकुमार भट्टू, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मछलियों के मरने से मत्स्य पालक परेशान

भास्कर न्यूज़ | मेदनीचौकी

प्रखंड के पूर्वी सलेमपुर पंचायत के आठ वार्ड के मोदन डोभा में मछली मर कर पानी के ऊपर आ गया है। जिसके सड़ने से महामारी की आशंका है। उधर मत्स्य पालक परेशान हैं। मत्स्य पालक गिरीश सहनी ने बताया कि बुधवार से ही उक्त डोभा में मछली मर कर पानी के ऊपर आ गया था। ये प्रक्रिया गुरुवार को भी देखने को मिला। उन्होंने बताया कि लगभग एक क्विंटल से भी ज्यादा मछली मर गया है।

### भगवान अपने अंश से चार रूप में प्रकट हुए : शंकर

**बड़हिया** | श्रावण झूला महोत्सव के अवसर पर लखनलाल ठाकुरबाड़ी में चल रहे श्री राम कथा के चौथे दिन मंगलाचरण के बाद वृन्दावन के संत एवं मस्तवापुर ठाकुरबाड़ी के महंथ श्री शंकर दास जी महाराज ने नाम संकीर्तन से कथा प्रारंभ किया। कहा कि भगवान अपने अंश से चार रूप में प्रकट हुए राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुध्न। इसके बाद मंगल बधाई उत्सव प्रारंभ हुआ। कई प्रकार की बाल लीला की। गंगा का दर्शन एवं स्नानकर धनुष यज्ञ देखने मुनि के साथ जनकपुर गए, जनकपुर भ्रमण के क्रम में सभी स्त्री पुरुष, बाल वृद्ध उसके स्वरूप को देखकर मोहित हो गए। दोनों एक दूसरे से आकर्षित हो गये। अर्थात ब्रह्मा के दो स्वरूप त्वमेव माता पिता त्वमेव एकाकार होने के लिया पहले पहल एक दूसरे के सम्मुख हुए। श्री राम कथा के संगीत मंडली में गायक रामनंदन दास एवं सतीश आदि शामिल रहे।

## सरकार युवाओं के कल्याण के लिए युवा आयोग का करे गठन


कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना देते रालोसपा नेता।

**लखीसराय** | युवा रालोसपा के जिला कमेटी ने शुक्रवार को युवा आयोग की गठन की मांग को लेकर कलक्ट्रेट पर धरना दिया एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा रालोसपा के जिलाध्यक्ष ने किया। धरना में विशेष तौर पर मौजूद रालोसपा के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि बिहार के युवाओं के कल्याण के लिए युवा आयोग का गठन कर उसे संवैधानिक दर्ज जब तक नहीं दिया जाता, तब-तक राज्य के मेधावी, मेहनतकश, प्रतिभाशाली युवाओं का कल्याण नहीं हो सकता है।

कार्यशाला | ई किसान भवन में वार्ड सदस्यों, प्रबंधन समिति के सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण

## सात निश्चय योजनाओं की मॉनिटरिंग पर हुई चर्चा

भास्कर न्यूज़ | रामगढ़ चौक

कृषि भवन सभागार कक्ष में बीडीओ मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

जिसमें रामगढ़ चौक प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव व कनीय अभियंता भाग लिए। बैठक में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की मॉनिटरिंग एवं लेखा संधारण का कार्य एजेंसी से एग्रीमेंट पेपर तैयार करने आदि के संबंध में बताया गया। रामगढ़ चौक प्रखंड अंतर्गत कुल वार्डों की संख्या 111 है जिसमें 80 प्रतिशत वार्ड को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 18 /19 में चयनित कर लिया गया। चिन्हित वार्डों की संख्या 88 है सात निश्चय योजना के तहत प्रति घर छह हजार रूपये खर्च करने का सरकार के द्वारा तय किया गया है। बीडीओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि आगामी 31 अगस्त तक सभी चयनित वार्डों में जिनको मुखिया के द्वारा राशि भेज दी गई है और उन सभी वार्डों में कार्य का क्रियान्वयन नहीं किया गया है तो उन सब की राशि वापस ली जाएगी एवं संबंधित प्रबंधन समिति के सचिव पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित वार्ड संघ के संयोजक बबलू कुमार, पंचायत सचिव सुधीर कुमार सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के सहायक अभियंता चंदन कुमार सहित वार्ड सदस्य उपस्थित थे।


बैठक में भाग लेते बीडीओ, जेई व वार्ड सदस्य।

### योजनाओं के क्रियान्वयन की दी गई जानकारी

**हलसी** | गुरुवार हलसी प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री निश्चय योजना के क्रियान्वयन के लिए मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सचिव का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना के तहत हर घर नल जल एवं पक्की गली- गली योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में हलसी बीडीओ प्रीतम आनंद ने योजनाओं को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से क्रियान्वयन की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## ग्रामीण युवाओं की शिक्षा में भागीदारी को समझने जमुई पहुंची जापान की टीम

### आई-सक्षम संस्था द्वारा युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण को भी देखा

भास्कर न्यूज़ | जमुई

गांव में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रही संस्था आई सक्षम के प्रयासों को जानने जापान की 10 सदस्यीय टीम जमुई पहुंची। जापान के कियो विविके छात्रों ने आई-सक्षम के शिक्षा केंद्रों का अवलोकन किया। टीम में तीन महिला सदस्य भी हैं। पिछले दो दिनों में आई- सक्षम के फेलो के साथ टीम ने सदर प्रखंड के सरारी, सोनाय, लखनपुर, अड़सार, बिठलपुर, खैरमा, काकन में संचालित शिक्षा केंद्र का भ्रमण किया।


शिक्षण केन्द्र के बच्चों से मिलते जापानी टीम के सदस्य।

**कस्तूरबा की बच्चियों ने की लैंगिंग समानता पर की बात** : जापानी शोधकर्ता छात्र-छात्राओं ने शहर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला बालिका छात्रावास जाकर छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान टीम के सदस्यों से कस्तूरबा की बच्चियों ने विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की जिसमें जापान में लड़कियों की शिक्षा एवं लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर बच्चियों ने टीम से सवाल भी पूछे।